## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश के दो शिक्षकों सहित बयासी शिक्षकों को राष्ट्रपति के हाथों मिला राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौवन शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से किया सम्मानित। मुख्यमंत्री ने किया आह्वान– ट्रेड यूनियन का हिस्सा न बनें शिक्षक।
- गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज में आज एशिया के पहले राज गिद्ध संरक्षण केन्द्र का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। गोरखपुर में एक अन्य कार्यक्रम के दौरान करेंगे छः सौ चौंतीस करोड़ छाछठ लाख रूपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास।
- केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सिपाही के उन्तालीस हजार से अधिक पदों पर होगी भर्ती। कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट पर अभ्यर्थी कर सकेंगे चौदह अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन।
- मथुरा के बरसाना स्थित राधारानी मंदिर में विश्वविख्यात राधाष्टमी की तेयारियां तेज। दस और ग्यारह सितम्बर को होगा भव्य कार्यक्रम।

**************

शिक्षक दिवस पर कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार पाने वालों में उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के प्राथमिक विद्यालय भगेसर के रविकांत द्विवेदी और प्रतापगढ़ के मान्धाता ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर के श्याम प्रकाश मौर्य शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षकों ने विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रूचि बढ़ाने में अद्भुत प्रयास किये हैं। उन्होंने पढ़ाने के नये–नये तरीके निकालने के साथ ही तकनीक का बेहतर इस्तेमाल किया है। चयनित शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के रूप में 50–50 हजार रुपए नकद, चांदी का मेडल और प्रमाण–पत्र दिया गया। राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले प्रतापगढ़ के मल्हौरपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक श्याम प्रकाश मौर्य परिषदीय बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए पढ़ाते हैं। वहीं मिर्जापुर के भगेसर स्थित प्राथमिक विद्यालय के रविकांत द्विवेदी द्वारा बनाया गया गणित का बगीचा काफी चर्चित है।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शिक्षक दिवस पर गोरखपुर में आयोजित समारोह के दौरान बेसिक और माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करने वाले कुल चौवन शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार विजेता शिक्षकों को पचीस हजार रूपये का चेक और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक शिक्षक समाज और राष्ट्र का निर्माता होता है। शिक्षक बनने के लिये निरन्तर अभ्यास करना पड़ता है और अपने ज्ञान से दूसरे को ज्ञानवान बनाना होता है। इसीलिये शिक्षक की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने शिक्षकों से ट्रेड यूनियन का हिस्सा न बनने का आह्वान किया।

***एक शिक्षक ट्रेड यूनियन का पार्ट नही हो सकता, नही बनना चाहिए शिक्षक के गरिमा के प्रतिमूल है और मुझे लगता है जब भी आप अपने आपको ट्रेड यूनियन बनाने का प्रयास करेंगे। आप अपने स्वंय के साथ खिलवाड़ करेंगे।***

***अपनी मांग को रखना लोक तांत्रिक तरिके से अपनी मांग को ज्ञापन के माध्यम से भेज सकते हैं। आज तो डीजिटल माध्यम है आप सीधे इसके लिए मेल करिए डीजिटल माध्यम से मैसेज के लिए आप अपना ज्ञापन समय आने पर दो–चार–पांच लोगों को भेज करके मुख्यमंत्री के पास, संबंधति विभाग के मंत्री के पास, संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव के पास, सचिव के पास , आप लोगों का ज्ञापन आदेश होगा।***

**************

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज रेंज में बने राजगिद्ध जटायु संरक्षण और प्रजनन केन्द्र का उद्घाटन करेंगे। विलुप्त प्रजाति के जीवों में शामिल राजगिद्धों के संरक्षण के लिये बनाया गया यह एशिया का पहला केन्द्र है। अब तक इस केन्द्र पर पांच राजगिद्ध लाये जा चुके हैं। जटायु संरक्षण केन्द्र का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत सोनबरसा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वह छः सौ चौंतीस करोड़ छाछठ लाख रूपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में रेल ओवर ब्रिज, फोर लेन सड़क, स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट पंचायत भवन और नये थाने का निर्माण शामिल है।

**************

गोरखपुर में बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सैनिक स्कूल का लोकार्पण कल उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। सैनिक स्कूल की स्थापना गोरखपुर के खाद कारखाना परिसर में की गयी है और एक जुलाई से यहां कक्षाओं का संचालन भी शुरू हो चुका है। सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी दिशा–निर्देश दिये।

**************

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या के राम सेवक पुरम में स्वामी रामनाथ मंदिर का उद्घाटन किया और मंदिर के गर्भ ग्रह में भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मंदिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को

साकार करने में एक अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री अयोध्या में सिंघल फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित भारतात्मा अशोक सिंघल वेद पुरस्कार वितरण समारोह में भी शामिल हुए।

**********

कर्मचारी चयन आयोग ने केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सीएपीएफ, एसएसएफ में सिपाही और असम राइफल्स में राइफलमैन तथा नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो में सिपाही परीक्षा दो हजार पच्चीय के लिए ऑन लाइन ऑवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के जरिए अर्द्धसैनिक बलों में सिपाही क उन्तालीस हजार चार सौ इक्यासी पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट पर चौदह अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेगें। ऑनलाइन परीक्षा जनवरी और फरवरी दो हजार पच्चीस में संभावित है।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल देश के रक्षा बलों के शीर्ष कमांडरों से रूस–यूक्रेन युद्ध, इजरायल–हमास संघर्ष और बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करने और अप्रत्याशित घटनाओं से निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। रक्षामंत्री ने शीर्ष स्तरीय सैन्य नेतृत्व बैठक के दूसरे और अंतिम दिन लखनऊ में प्रथम संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है और शांति बनाए रखने के लिए सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। रक्षामंत्री ने राष्ट्रीय हितों की रक्षा और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में सशस्त्र बलों के अमूल्य योगदान की सराहना की।

**********

दिल्ली में कल केन्द्रीय उद्योग संवर्धन और आन्तरिक व्यापार विभाग की ओर से आयोजित उद्योग समागम में उत्तर प्रदेश को व्यापार और नागरिक केन्द्रित सुधार क्षेत्र में शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वाला राज्य घोषित किया गया। इस उपलब्धि के लिये समागम में केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर नंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में व्यापार और नागरिक केन्द्रित व्यापक सुधार हुए हैं।

**********

दृष्टिबाधित कपिल परमार ने कल पेरिस पैरालंपिक में इतिहास रचते हुए भारत को जूडो में पहला पदक दिलाया। कपिल ने ब्राजील के खिलाड़ी को एक तरफा मुकाबले में पराजित कर कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही भारत के पदकों की संख्या पच्चीस हो गयी है। भारतीय खिलाड़ी अबतक पांच स्वर्ण, नौ रजत, और ग्यारह कांस्य पदक जीत चुके हैं और यह पैरालंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसके पहले भारतीय टीम ने टोक्यो पैरालंपिक में उन्नीस पदक जीते थे।

**********

मथुरा के बरसाना स्थित राधा रानी मंदिर में विश्व विख्यात राधाष्टमी की तैयारियां तेज हो गयी है। मंदिर में दस और ग्यारह सितम्बर को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसे लेकर कल जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बैठक कर सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर चर्चा की। राधाष्टमी पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये परिवहन विभाग ने दो सौ अतिरिक्त बसों के संचलन का निर्णय किया है। उधर, वृन्दावन के बांके बिहारी मंदिर में स्वामी हरिदास बधाई उत्सव का शुभारम्भ हो गया है। मुख्य आयोजन ग्यारह सितम्बर को होगा।

**********

पति की लम्बी उम्र और सुख–समृद्धि की प्रार्थना के साथ सुहागिन महिलायें आज हरतालिका तीज का व्रत श्रद्धा भाव के साथ मना रहीं हैं। भगवान शिव की उपासना का यह व्रत बिना अन्न और जल ग्रहण किये रहा जाता है। हरतालिका तीज व्रत को लेकर कल देर रात तक बाजारों में चहल–पहल रही। कल गणेश चतुर्थी मनायी जायेगी। हालांकि चतुर्थी तिथि आज दोपहर में ही लग जायेगी लेकिन विद्वानों का मानना है कि उदया तिथि में चतुर्थी मिलने के चलते गणेश उत्सव का शुभारम्भ कल होगा।

**********